a2zpapers.com

Exam. Code : 216302
Subject Code : 4774

M.A. (Hindi) 2nd Semester
NATAKKAR MOHAN RAKESH
Paper—X, Opt.(i)

समय : तीन घंटे] [कुल अंक : 80

नोट :– कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य है। शेष **एक** प्रश्न किसी भी इकाई से चयनित कर सकते हैं।

इकाई—एक

1. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए :– 8×2=16

(क) यह क्यों नहीं सोचते कि नयी भूमि तुम्हें यहाँ से अधिक सम्पन्न और उर्वरा मिलेगी। इस भूमि से तुम जो कुछ ग्रहण कर सकते थे, कर चुके हो। तुम्हें आज नयी भूमि की आवश्यकता है, जो तुम्हारे व्यक्तित्व को अधिक पूर्ण बना दे।

(ख) हाँ, पूछकर ही जानना है आज। कितने साल हो चुके हैं मुझे ज़िन्दगी का भार ढोते ? उनमें से कितने साल बीते हैं मेरे इस परिवार की देख-रेख करते ? और उस सबके बाद मैं आज पहुँचा कहाँ हूँ ? यहाँ कि जिसे देखो वही मुझसे उल्टे ढंग से बात करता है ? जिसे देखो, वही मुझसे बदतमीज़ी से पेश आता है ?

2. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए :– 8×2=16

(क) कामोत्सव कामना का उत्सव है, आर्य मैत्रेय ! मैं अपनी आज की कामना कल के लिए टाल रखूँ .... क्यों ? मेरी कामना मेरे अन्तर की है। मेरे अन्तर में ही

www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
oad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab

a2zpapers.com

उसकी पूर्ति भी हो सकती है। बाहर का आयोजन उसके लिए उतना महत्व नहीं रखता जितना कुछ लोग समझ रहे हैं।

(ख) वजह इसकी मैं थी – यही कहना चाहते हैं न ? वह मुझे खुश रखने के लिए यह लोहा-लकड़ी जल्दी-से-जल्दी घर में भरकर हर बार अपनी बरबादी की नींव खोद लेता था। पर असल में उसकी बरबादी की नींव क्या चीज़ खोद रही थी .... क्या चीज़ और कौन आदमी .... अपने दिल में तो आप भी जानते होंगे ?

इकाई—दो

3. नाटक की विधागत वैशिष्ट्य का निरूपण कीजिए। 16

4. 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के रंगमंचीय सार्थकता की समीक्षा कीजिए। 16

इकाई—तीन

5. प्रयोगशीलता की दृष्टि से मोहन राकेश के नाटकों की सोदाहरण समीक्षा कीजिए। 16

6. 'लहरों के राजहंस' नाटक की मुख्य समस्याओं पर प्रकाश डालिए। 16

इकाई—चार

7. मोहन रोकश की नाट्यभाषा की विवेचना कीजिए। 16

8. 'आधे अधूरे' समकालीन मध्यवर्गीय जीवन का दस्तावेज है।" इस कथन की प्रामाणिकता निरूपित कीजिए। 16

www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
oad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab

www.a2zpapers.com